श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

क्रमांक एफ:-3/शै0/2020-21/ दिनांक: 08.09.2020

प्रवेश सम्बन्धी सूचना (आचार्य)

विषयः- सत्र 2020-21 में आचार्य में प्रवेश हेतु ऑनलाइन माध्यम से साक्षात्कार / काउंसलिंग प्रक्रिया सम्पन्न करने के संदर्भ में।

कोविड़-19 के कारण उत्पन्न परिस्थितियों को संज्ञान में लेते हुये मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 27.05.2020 को आयोजित विद्वत्परिषद् तथा दिनांक 30.05.2020 को कार्यपरिषद् की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2020-21 में शास्त्री प्रथम वर्ष में प्रवेश लिखित परीक्षा के स्थान पर ऑनलाइन माध्यम से साक्षात्कार / काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा।

प्रवेश हेतु ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों के अनुसार अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर वरीयता सूची तैयार की जा चुकी है तथा प्रत्येक श्रेणी के लिये निर्धारित (एस.सी., एस.टी., ओ.बी.सी., विकलांग तथा आर्थिक कमजोर वर्ग) स्थानो के अनुसार योग्य अभ्यर्थियों को सम्बन्धित विभाग की प्रवेश समिति द्वारा अस्थाई प्रवेश की अनुशंसा की जायेगी। आनलाईन माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया/काउंसलिंग से सम्बन्धित दिशा-निर्देशों का विवरण निम्न प्रकार से है:-

1. आचार्य प्रथम वर्ष प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की वरीयता सूची पूर्व कक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर तैयार की गयी है जोकि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

2. तकनीकी असुविधाएं होने के कारण संबंधित छात्र ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश शुल्क दिनांक 01.09.2020 से 10.09.2020 के स्थान पर दिनांक 08.09.2020 से 17.09.20200 तक जमा करा सकते है। ऑनलाइन माध्यम से शुल्क जमा करवाने का लिंक विश्वविद्यालय वेबसाइट पर तथा छात्रों को उनके मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस./व्हाट्सएप्प द्वारा सूचित किया जाएगा।

3. अभ्यर्थियों की वरीयता सूची के अनुसार प्रवेश शुल्क जमा करवाने के उपरान्त अभ्यर्थियों को दिये गये लिंक से प्रवेश प्रपत्र ऑनलाइन भरना होगा।

4. आचार्य प्रथम वर्ष की प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों को तीनो संकायों के अन्तर्गत पढ़ाये जाने वाले विषयों में से प्रत्येक संकाय से एक मूल विषय का चयन करना अनिवार्य होगा।

5. अभ्यर्थियों को प्रत्येक चयनसूची में से चयन किये गये मूल विषय के अनुसार प्रवेश दिया जायेगा।

   (क) यदि चयन सूची 01 में मूल विषय के सभी स्थान भर जाने के उपरांत चयनसूची 02 के चयन विषय के अनुसार दिया जायेगा।

   (ख) इसी प्रकार चयनसूची 02 के मूल विषय से सभी स्थान भर जाने के उपरांत चयनसूची 03 के चयन विषय के अनुसार दिया जायेगा।

6. प्रवेश समिति द्वारा विषय अनुसार काउंसलिग हेतु सूची विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर उपलब्ध करायी जायेगी।

7. अभ्यर्थियों की काउंसलिग ऑनलाइन माध्यम से की जायेगी, काउंसलिग की तिथि एवं समय की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तथा अभ्यर्थियों के मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस. द्वारा प्रेषित की जायेगी।

8. अभ्यर्थी मूल विषय के परिवर्तन हेतु आनलाईन काउंसलिग के दौरान प्रवेश समिति के समक्ष निवेदन कर सकते है।

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त दिये गये विवरण के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया से सम्बन्धित दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें तथा आवश्कतानुसार वेबसाइट को समय-समय पर देखने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि:-

1. सहायक कुलसचिव (लेखा) को इस आशय से प्रेषित कि वे ऑनलाइन माध्यम से फीस जमा करवाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न करने का कष्ट करें।

2. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर-को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त सूचना को सूची सहित विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अंकित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)